# यूटीयू और हैस्को के बीच एमओयू

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) और हिमालयन पर्यावरण अध्ययन एवं संरक्षण संगठन (हैस्को) के बीच मिलकर हिमालयी राज्यों में जीवन को आसान बनाने का काम करेंगे। दोनों के बीच हुए समझौते के तहत हिमालयन डिस्कोर्स-10 की पहली श्रृंखला शुक्रवार को यूटीयू में आयोजित की गई।

वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के निदेशक डॉ. विनीत कुमार गहलोत ने हिमालयी क्षेत्र में भूकंपों के कारण व बचाव पर छात्रों को जागरूक किया। पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने यूटीयू के साथ मिलकर हिमालय के सतत विकास में विज्ञान और तकनीकी की भूमिका को बताया।